बिहार विकास मिशन

(मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग के शासकीय अधीन)
बिहार राज्य भवन निर्माण निगम कैम्पस,
हॉस्पिटल रोड, राजवंशी नगर, पटना–800023
E-Mail: bvm.msoffice@gmail.com
दूरभाष संख्या:–0612–2285262

सं0सं0–बि0वि0मि0–स्था0–स्थानांतरण (SWO)–15/2026

–:: आदेश ::–

बिहार विकास मिशन के आदेश संख्या–1538, दिनांक–01.10.2026 द्वारा सिंगल विंडों ऑपरेटर को उनके वर्तमान पदस्थापन जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र/ बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम लि0 से स्थानांतरित करते हुए अन्य जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र में प्रतिनियुक्त किया गया है।

2. उक्त आदेशों की कंडिका–2 में निदेशित है कि स्थानांतरित कर्मी अगले 07(सात) कार्य दिवस के अन्दर स्थानांतरित/ प्रतिनियुक्ति कार्यालय में योगदान समर्पित कर योगदान की प्रति बिहार विकास मिशन को उपलब्ध करायेंगे। परंतु उक्त आदेश के बावजूद अधिकांश कर्मियों द्वारा नव पदस्थापन कार्यालय में अबतक योगदान नहीं दिया गया है तथा कतिपय कर्मियों के नियंत्री पदाधिकारी से उन्हें विरमित किये जाने की सूचना अप्रतिवेदित है।

3. अतः सभी संबंधित नियंत्री पदाधिकारी स्थानांतरित कर्मियों को दिनांक–07.11.2026 तक विरमित करना सुनिश्चित करेगें। दिनांक–07.11.2026 तक विरमित नहीं किये जाने की स्थिति में स्थानांतरित सभी कर्मी दिनांक–08.11.2026 के अपराह्न से स्वतः विरमित समझे जायेंगे। सभी संबंधित कर्मी विरमित/ स्वतः विरमित होने के पश्चात् बिना पारगमन अवकाश (Transit Leave) का उपभोग किये नव स्थानांतरित/ प्रतिनियुक्त कार्यालय में योगदान समर्पित करते हुए इसकी एक प्रति बिहार विकास मिशन को उपलब्ध कराना सुनिश्चित करेगें।

4. यदि कोई कर्मी मातृत्व अवकाश/ अवैतनिक अवकाश में हैं तो अवकाश उपभोग के पश्चात् अविलंब नव पदस्थापन कार्यालय में योगदान करना सुनिश्चित करेगें।

5. इसमें सदस्य सचिव, बिहार विकास मिशन का अनुमोदन प्राप्त है।

ह0/–

(प्रवीण कुमार)
अवर सचिव–**HR (Management) & IT**

ज्ञापांकः– बि0वि0मि0–स्था0–स्थानांतरण (SWO)–15/2026.....पटना, दिनांक .....

प्रतिलिपि :–प्रबंधक निदेशक, बिहार राज्य शिक्षा वित्त निगम लि0, पटना/ सभी संबंधित जिला पदाधिकारी/ सभी संबंधित उप विकास आयुक्त/ सभी संबंधित जिला योजना पदाधिकारी/ सभी महाप्रबंधक, बिहार विकास मिशन/एच0आर0 मैनेजर/ MIS & HRIS Support Officer/ श्रीमती रश्मि रंजन, मैनेजमेंट एसोसिएट, बिहार विकास मिशन/ सभी संबंधित स्थानांतरित संविदा नियोजित कर्मियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

Digitally signed by
PRAVIN KUMAR
Date: 03-11-2026 12:39:21

अवर सचिव–**HR (Management) & IT**